# ब्लेज़ो से महिन्द्रा ट्रक-बस बढ़ी टर्न अराउंड के ट्रेक पर?

- ट्रक सेल्स में 60 परसेंट उछाल
- तीसरी बड़ी प्लेयर बनने का टार्गेट
- आईसीवी मॉडलों पर फोकस बढ़ा रही है



**जयपुर।** ट्रक बाजार में कदम रखे महिन्द्रा को एक दशक होने जा रहा है और स्लोडाउन और रेगुलेटरी सिस्टम में बदलाव जैसा एक पूरा दौर कम्पनी ने देख लिया है। नई स्ट्रेटेजी और नये जोश के साथ पिछले ऑटो एक्स्पो में ब्लेज़ो रेंज को लॉन्च करने के साथ कम्पनी ने थोड़ा एग्रेसिव स्टान्स लिया था जिसका फायदा अब दिखने लगा है और उम्मीद है कि महिन्द्रा का ट्रब-बस बिजनस टर्नअराउंड के फेज़ में जल्दी ही कदम रख सकता है और इसके संकेत अप्रेल-दिसम्बर के सेल्स आंकड़ों से मिल रहे हैं।

टाटा और अशोक लेलैंड के दबदबे वाले इस बाजार में महिन्द्रा ट्रक-बस ने अप्रेल-दिसम्बर, 2017 में 6230 गाड़ियां बेचीं। वैसे तो इंडस्ट्री के साइज़ के हिसाब से यह फिगर बहुत छोटा है लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि अप्रेल-दिसम्बर, 2016 में कम्पनी की एमएचसीवी सेल्स 3910 यूनिट्स ही थी यानी कम्पनी की सेल्स में 59 परसेंट का भारी जम्प दर्ज किया गया है। हालांकि यह ग्रोथ बेस पर है फिर भी टाटा और अशोक लेलैंड जैसे चैम्पियन और वीईसीवी व भारत बेंज जैसे चैलेंजर प्लेयरों की मौजूदगी के बीच महिन्द्रा ट्रक-बस इन 9 महिनों में अपने कस्टमर बेस में 2300 नये कस्टमर जोड़ने में कामयाब रही है।

सियाम की रिपोर्ट देखें तो अप्रेल-दिसम्बर के बीच भारत के एमएचसीवी सैगमेंट में 222831 ट्रक-बस बिके जो 2016 के इन्हीं 9 महिनों में हुई 203925 यूनिट्स की सेल्स के मुकाबले 9.27 परसेंट ज्यादा है। लेकिन यदि सिर्फ मीडियम एंड हेवी ट्रक सेल्स को देखा जाये तो इन 9 महिनों में 1.98 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई है। इस तरह बहुत सीमित प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के बावजूद कम्पनी का मार्केट शेयर करीब 3.5 परसेंट है।

**Mahindra Truck**

| Apr.-Dec.17 | Apr.-Dec.16 | Change% |
|---|---|---|
| 6230 | 3910 | 59% |

**Truck Industry**

| Apr.-Dec.17 | Apr.-Dec.16 | Change% |
|---|---|---|
| 170,393 | 198,379 | 16.42 |

महिन्द्रा ट्रक बस ने पिछले ऑटो एक्स्पो में ब्लेज़ो के नाम से नई हेवी ड्यूटी ट्रक रेंज लॉन्च की थी। *मायलेज़ की गारंटी नहीं तो पैसे वापस* की पिच और अजय देवगन की एथिकल-अचीवर वाली पहचान के चलते ब्लेज़ो रेंज मार्केट में अपने पांव जमाने में कामयाब रही है। अभी कम्पनी के पोर्टफोलियो में 25 से 49 टन रेंज में हेवी कमर्शियल वेहीकल्स हैं। इसके अलावा कम्पनी 3.5 से 6 टन कैपेसिटी में एलसीवी मॉडल भी बेचती है। महिन्द्रा ट्रक-बस ने हाल ही जायो और ऑप्टिमो एलसीवी ट्रकों के रिफ्रेश्ड अवतार लॉन्च किये हैं। इसी तरह कम्पनी कोस्मो, एक्सैलो और कॉम्फिओ रेंज में एलसीवी बस सैगमेंट में 15 से 55 सीटर बस मॉडल भी बेच रही है।

हाल ही मीडिया में छपे एक इंटरव्यू में महिन्द्रा ट्रक एंड बस के सीईओ विनोद सहाय ने कहा कि कम्पनी ने अप्रेल-नवम्बर के बीच 4542 लोडिंग और पैसेंजर गाड़ियां एलसीवी सैगमेंट में बेची हैं। कम्पनी एक्सीडेंट को छोड़कर अन्य सभी तरह की रिपेयर व मेंटीनेन्स के लिये 36 घंटों की गारंटी दे रही है। महिन्द्रा ट्रक एंड बस का दावा है कि यदि ऐसा नहीं होता है तो हर दिन के हिसाब से कस्टमर को 3 हजार रुपये हर्जाना दिया जायेगा। ब्लेज़ो रेंज लॉन्च के मौके पर कम्पनी के तब के प्रमुख ने बताया था कि उनका फोकस नये कस्टमर जोड़ने के साथ ही रिपीट कस्टमर पर भी है। ताजा रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कम्पनी की सेल्स में 30 परसेंट योगदान रिपीट कस्टमर का है और इसमें सबसे बड़ा योगदान ओनरशिप कॉस्ट के कम होने के साथ ही सर्विस व मेंटीनेन्स नेटवर्क का है। **- ऑटो डेस्क**

## महिन्द्रा बोलेरो पिकअप ट्रक पर बाई-बैक गारंटी और फ्री मेंटीनेन्स का ऑफर

**जयपुर।** महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के इन दिनों अखबारों में छप रहे विज्ञापनों में बाई-बैक स्कीम और मेंटीनेन्स पैकेज का ऑफर दिया जा रहा है। इस विज्ञापन में फिल्म सितारे मनोज वाजपेयी का कटआउट है जो अब तक जीतो रेंज के ब्रांड एम्बेसेडर थे। विज्ञापन में कहा गया है कि बोलेरो पिकअप ट्रक पर 4 साल बाद कम से कम 4 लाख रुपये में कम्पनी बाई-बैक की गारंटी दे रही है। यह स्कीम बोलरो पिकअप और मैक्सीट्रक प्लस मॉडलों पर लागू है। इंडियाज़ नम्बर1 पिकअप गारंटी नाम की इस स्कीम के तहत 2 वर्ष का फ्री मेंटीनेन्स पैकेज भी है और सिर्फ 2 घंटे में सर्विस का वायदा किया जा रहा है।

हालांकि कम से कम चार लाख रुपये में बाईबैक, 2 साल का फ्री मेंटीनेन्स और 2 घंटे में सर्विस की गारंटी आदि तीनों वायदों के साथ स्टार लगा है यानी कुछशर्तें लागू हैं।

कम्पनी का दावा है कि गारंटीड बाईबैक का ऑफर इस सैगमेंट में पहली बार दिया जा रहा है और साथ में 2 वर्ष का फ्री मेंटीनेन्स भी है। इन दोनों ऑफर्स के जरिये कोशिश ऑपरेटिंग लागत घटाने और ऑपरेटर को रीसेल वैल्यू का भरोसा देने की है। बोलेरो पिकअप भारत का सबसे ज्यादा बिकने वाला मिनीट्रक मॉडल है।

## 1 अप्रेल से पैसेंजर ट्रान्सपोर्ट गाड़ियों में जरूरी होगा जीपीएस

**जयपुर।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने अपने ट्विटर हैंडल से एक बयान जारी कर कहा है कि 1 अप्रेल से देश में सभी पैसेंजर ट्रान्सपोर्ट वेहीकल्स यानी बस-वैन आदि में जीपीएस डिवाइस और पैनिक बटन अनिवार्य होगा। पैसेंजर सेफ्टी को ध्यान में रखते हुये उठाये गये इस कदम पर कई साल से चर्चा चल रही थी लेकिन फैसला अब हो पाया है। मंत्रालय ने ये फैसला खासकर महिला और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये किया है। सरकार और मंत्रालय के बीच इस पर करीब 1 साल से चर्चा हो रही थी और सरकार की राय थी कि सिर्फ पैनिक बटन लगाने से ज्यादा फायदा नहीं होगा क्योंकि गाड़ी की लोकेशन भी पता होनी चाहिये। ऐसे में जीपीएस के बिना यह मकसद पूरा नहीं हो पायेगा।

**- एजेंसी**



## न्यू जेनरेशन स्विफ्ट की बुकिंग शुरू...

**मारुति** सुजुकी भारत में अपने बेस्टसेलर मॉडलों में से एक स्विफ्ट के नई पीढ़ी के अवतार को ऑटो एक्स्पो में लॉन्च करेगी। लॉन्च से पहले कम्पनी ने आधिकारिक रूप से इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार नई स्विफ्ट कम्पनी की किसी भी डीलरशिप पर 11 हजार रुपये का अमाउंट देकर बुक की जा सकती है। पेट्रोल व डीजल इंजन ऑप्शन में आने वाली नई स्विफ्ट में के12 वीवीटी इंजन होगा वहीं डीजल इंजन डीडीआईएस190 होने की उम्मीद है। दोनों फ्यूल ऑप्शन्स में चार-चार वैरियेंट्स के अलावा ऑटोमेटिक गियरशिफ्ट के ऑप्शन भी पेट्रोल के साथ डीजल में भी मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि न्यू डिज़ायर की ही तरह मारुति न्यू जेनरेशन स्विफ्ट को भी पहले के मुकाबले थोड़ी प्रीमियम प्राइसिंग के साथ पोजिशन करेगी। इसकी शुरुआत 5.05 लाख रुपये से होने की उम्मीद है।




## वैरायटी/बाजार/ट्रेंड/स्टार्टअप/लाइफस्टाइल


# डिजाइन के लिए भारत इंस्पीरेशन



**नई दिल्ली।** भारतीय उपभोक्ता, खासकर महिलाएं हीरे के गहनों को समझने के प्रति अधिक शिक्षित हो रही हैं और भारत डिजाइन के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। मिलान स्थित अंतर्राष्ट्रीय डिजाइन विशेषज्ञ फेडेरिका इंपेरियली ने यह बातें कहीं हैं। इंपेरियली ने कहा कि भारत एक बहुत महत्वपूर्ण और उभरता बाजार है। हमारे संग्रह के लिए प्रेरणा प्राप्त करने और गहने एवं उत्पाद विकास के माध्यम से डिजाइन की सुंदर कहानियों को कहने में भारत बड़ी भूमिका निभाता है जोकि अन्य बाजारों के लिए बहुत आकर्षक है। उदहारण के लिए वेनिस हर वर्ष अल थानी संग्रह से भारतीय रत्नों और गहनों की प्रसिद्ध प्रदर्शनी की मेजबानी करता है।

इंपेरियली ने कहा कि यह इटली आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक तौर पर भारत आगे बढ़ रहा है। भारतीय उपभोक्ता, खासकर महिलाएं हीरे के गहनों की समझ के प्रति अधिक शिक्षित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शोध के आधार पर हमने देखा है कि दुल्हन के गहने अतीत में अधिक प्रभावी रहे हैं। हालांकि, आज की महिलाएं ज्यादा शिक्षित हो रही हैं और वे हीरे को पसंद करती हैं जो आधुनिक है। इंपेरियली इटली के मिलान में स्थित फोरएवरमार्क स्टूडियो के न्यू प्रोडक्ट डवलपमेंट की प्रमुख हैं। भारत में उन्होंने स्थानीय डिजाइनर बिभु महापात्र और सब्यसाची मुखर्जी के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे काम को न केवल भारतीय दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है बल्कि इससे हमें वैश्विक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने में भी मदद मिली है। संग्रह को तैयार करते समय हम हमेशा स्थानीय लोगों की पसंद और शैली को ध्यान में रखते हैं। हालांकि, एक ब्रांड के रूप में हम एक वैश्विक डीएनए का पालन करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भविष्य में भारत के अन्य डिजाइनरों के साथ भी काम करेंगी, उन्होंने कहा निश्चित रूप से भविष्य में भारत के अन्य डिजाइनरों के साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी चीन और अमेरिका में हमारे संग्रह की मांग हो रही है। इस वर्ष गर्मियों में आने वाले प्रचलन के बारे में उन्होंने कहा कि हम अलग हटकर डिजाइन लेकर आएंगे जिसमें अंगूठियां, पेंडेंट और स्टैकेबल अंगूठियां शामिल होंगी। **- आईएएनएस**

# सेमीकंडक्टर का ग्लोबल कारोबार 451 अरब डॉलर होने का अनुमान



**नई दिल्ली।** रिसर्च कंपनी गार्टनर ने कहा कि दुनियाभर में सेमीकंडक्टर का कारोबार वर्ष 2018 में 451 अरब डॉलर रह सकता है, जो गत वर्ष 2017 के 419 अरब डॉलर से 7.5 फीसदी ज्यादा है। इस तरह गार्टनर ने अपने पूर्व अनुमान में तकरीबन दो गुना का इजाफा किया है क्योंकि इससे पहले इन्होंने वर्ष 2018 में सेमीकंडक्टर का कारोबार चार फीसदी रहने का अनुमान जारी किया था।

गार्टनर के प्रमुख रिसर्च एनालिस्ट बेन ली ने एक बयान में कहा कि गार्टनर ने वर्ष 2018 के कारोबार को लेकर अपने पूर्व अनुमान में 23.6 अरब डॉलर का इजाफा कर दिया है, जिसमें मेमोरी मार्केट का हिस्सा 19.5 अरब डॉलर है। डीआरएएम और एनएएनडी दोनों फ्लैश मेमोरी की कीमतों में बढ़ोतरी होने से सेमीकंडक्टर कारोबार में बढ़त की उम्मीद की जा रही है। हालांकि, इनकी कीमतों में इजाफा होने से स्मार्टफोन, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर समेत प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनियों पर मार्जिन में कमी को लेकर दबाव रहेगा।

**- आईएएनएस**

## टूलटैक 2018 का आयोजन 25 जनवरी से

**जयपुर।** इंटरनेशनल एक्जीबीशन ऑफ डाइज एंड मोल्ड्स, फॉर्मिंग टूल्स, मशीन एसेसरीज, मेट्रोलॉजी एंड कैड/कैम इवेंट का आयोजन 25-30 जनवरी के बीच किया जा रहा है। बैंगलोर इंटरनेशनल एक्जीबीशन सेंटर में इवेंट आयोजित होगा। इन्डियन मशीन टूल मैन्यूफेक्चसर्स एसोसिएशन इवेंट की आर्गेनाइजर है। इवेंट में 23 देशों के पांच सौ एक्जीबीटर्स हिस्सा ले रहे हैं। तीन एक्जीबीशन हॉल्स में करीब 33,000 वर्गमीटर स्पेस में एक्जीबीशन का आयोजन किया जा रहा है। देश-विदेश की नामी कम्पनियों के वक्ता इवेंट में हिस्सा लेने वाले हैं। इनमें जर्मनी, इटली, स्वीडन, अमेरिका और भारत के वक्ता शामिल हैं।

**- कार्यालय संवाददाता**



# ओप्पो ने एआई ब्यूटी के साथ 'ए 83' लांच किया

**नई दिल्ली।** चीनी स्मार्टफोन निर्माता ओप्पो ने 'ए 83' स्मार्टफोन लांच किया है, जिसके बारे में कंपनी ने युवा ग्राहकों को 'एआई ब्यूटी रिकॉगनिशन प्रौद्योगिकी' के माध्यम से प्राकृतिक सेल्फी अनुभव मुहैया कराने का दावा किया है। इस डिवाइस में 4 जीबी रैम और 3,180 एमएएच की बैटरी है, जिसकी कीमत 13,990 रुपये है।

ओप्पो 'ए 83' अमेजन और फ्लिपकार्ट के साथ ही ऑफलाइन स्टोर्स पर भी 20 जनवरी से ब्लैक और गोल्ड रंगों में उपलब्ध होगी। ओप्पो इंडिया के ब्रांड निदेशक विल यंग ने एक बयान में कहा कि हमें अपने सेल्फी एक्सपर्ट 'ए' सीरीज और 'एफ' सीरीज के लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। 'ए83' के साथ हम एक सस्ता सेल्फी कैमरा ला रहे हैं, जो उन्नत फीचर्स जैसे एचडी प्लस फुल स्क्रीन डिस्प्ले और एआई ब्यूटी प्रौद्योगिकी से लैस है।

**- आईएएनएस**

## कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सेस)...

हाल ही में लास वेगास में कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सेस) आयोजित हुआ। चित्र में सानबो मैक्स नामक रोबोट के साथ स्टॉफ सदस्य नजर आ रही हैं। चीनी कम्पनी क्यूहान ने इस रोबोट का विकास किया है। रोबोट को सेस में डिस्प्ले किया गया।

**- आईएएनएस**

